SATISH SCIENCE ACADEMY

DHANORI PUNE-411015

# HINDI A

## Class 10 - हिंदी ए

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
- खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

### खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[7]**

अनुशासन के अभाव में समाज में अराजकता और अशांति का साम्राज्य होता है। वन्य पशुओं में अनुशासन का कोई महत्त्व नहीं है, इसी कारण उनका जीवन असुरक्षित, आतंकित एवं अव्यवस्थित रहता है। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ-साथ जीवन में अनुशासन का महत्त्व भी बढ़ता गया। आज के वैज्ञानिक युग में तो अनुशासन के बिना मनुष्य का कार्य भी नहीं चल सकता। कुछ व्यक्ति सोचते हैं कि अब मानव, सभ्य और शिक्षित हो गया है, उस पर किसी भी प्रकार के नियमों का बंधन नहीं होना चाहिए। वह स्वतंत्र रूप से जो भी करे, उसे करने देना चाहिए, लेकिन यदि व्यक्ति को यह अधिकार दे दिया जाए तो वन्य जीवन जैसी अव्यवस्था आ जाएगी। मानव, मानव ही है, देवता नहीं। उसमें सुप्रवृत्तियाँ और कुप्रवृत्तियाँ दोनों ही होती हैं। मानव सभ्य तभी तक रहता है जब तक वह अपनी सुप्रवृत्तियों की आज्ञा के अनुसार कार्य करे। इसलिए मानव के पूर्ण विकास के लिए कुछ बंधनों और नियमों का होना आवश्यक है।

**1.** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A): अनुशासन के अभाव में समाज में अराजकता और अशांति का साम्राज्य होता है।

कारण (R): वन्य जीवन में अनुशासन का कोई महत्त्व नहीं है।

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**2.** अनुशासन के महत्त्व को लेकर सही कथन का चयन कीजिए:

I. अनुशासन के बिना समाज में अराजकता और अशांति फैल जाती है।

II. वन्य जीवन में अनुशासन का महत्त्व होता है।

III. सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ अनुशासन का महत्त्व बढ़ता गया है।

IV. अनुशासन के बिना मनुष्य का कार्य असंभव हो सकता है।

विकल्प:

i. केवल I, II और III सही हैं।

SATISH SCIENCE ACADEMY

ii. केवल II और IV सही हैं।

iii. केवल I, III और IV सही हैं।

iv. केवल I और IV सही हैं।

**3.** नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित करें:

| **कॉलम 1** | **कॉलम 2** |
|---|---|
| I. अनुशासन का अभाव | 1 - समाज में अराजकता और अशांति |
| II. मानव के पूर्ण विकास के लिए | 2 - बंधनों और नियमों का होना आवश्यक |
| III. वन्य जीवन | 3 - अव्यवस्थित और असुरक्षित जीवन |

विकल्प:

i. I (1) II (2) III (3)

ii. I (3) II (2) III (1)

iii. I (2) II (3) III (1)

iv. I (1) II (3) III (2)

**4.** अनुशासन के अभाव में पशुओं का जीवन कैसा होता है? (2)

**5.** कुछ लोग अनुशासन को उचित क्यों नहीं मानते? (2)

2. **निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[7]**

वह जो भावों से परिपूर्ण झूठे भवन के आधार
की कल्पना है। आज के युग में अभावों से परिपक्व मानव की विडम्बना है।
कण-कण भावहीन है,
फिर भी भावों के प्रभाव का ही नाम जपना है।
शरीर, मन, आत्मा सब पराई है,
केवल धन ही अपना है।
भ्रष्टाचार में लिप्त !
आत्मा की आवाजों को सुनना, एक पागलपन है।
सत्य, अहिंसा, प्रेम नहीं आज के आदर्श,
बल्कि लोभ, लालच और कमाना है।
मन में विदेश सुख की आस है,
और पराया देश ही अपना है।
ओ ! धनवृत्ति को आतुर नयन,
देशप्रेम केवल एक विडम्बना है।

i. आज के मानव के आदर्श कौन-कौन से हैं? (1)

(क) लोभ

(ख) लालच

(ग) धन का उपार्जन

(घ) उपरोक्त सभी

ii. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** आज के युग में मानव अपनी आत्मा और भावनाओं से दूर होकर केवल धन की ओर आकर्षित हो रहा है।

**कारण (R):** आज के समाज में सत्य, अहिंसा और प्रेम की बजाय लोभ और लालच प्रमुख आदर्श बन गए हैं।

**विकल्प:**

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

SATISH SCIENCE ACADEMY

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

iii. काव्यांश के अनुसार, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?

I. आज के समाज में धन को ही सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

II. सत्य, अहिंसा और प्रेम आज के आदर्श बन गए हैं।

III. आज के समाज में देशप्रेम केवल एक विडंबना बनकर रह गया है।

IV. व्यक्ति के मन में विदेश में सुख की आस है।

**विकल्प:**

(क) केवल I, III और IV सही हैं।

(ख) केवल I और IV सही हैं।

(ग) केवल II और III सही हैं।

(घ) I, II, III और IV सभी सही हैं।

iv. आज के धन-लोलुप के लिए आत्मा की आवाज सुनना पागलपन क्यों है? (2)

v. वर्तमान में मानव की क्या स्थिति हो गई है? (2)

**खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण**

3. **निर्देशानुसार किन्हीं चार के उत्तर लिखिए:** **[4]**

i. गौरैया ने तिनका-तिनका जोड़कर घर बनाया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ii. हमें फिल्म देखनी थी इसलिए सिनेमाघर गए। (सरल वाक्य में बदलिए)

iii. झूठ बोलने वालों पर कोई विश्वास नहीं करता। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

iv. पिताजी को अहसास नहीं था कि दोनों का रास्ता टकराहट का है। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

v. मोहनदास, गोकुलदास सामान निकालकर बाहर रखते जाते थे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए।)

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य बदलिए: $1 \times 4=4$ **[4]**

i. रीड नरकट से बनती है। (कर्मवाच्य में)

ii. सीट के नीचे से लोटा उठाया गया। (कर्तृवाच्य में)

iii. वह चल नहीं पा रही थी। (भाववाच्य में)

iv. आओ, बैठते हैं। (भाववाच्य में)

v. मुँह में भर आए पानी का घूँट गले में उतार लिया। (कर्मवाच्य में)

5. **निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए- (1x4=4)** **[4]**

i. मैंने सोचा थोड़ी ज़मीन खरीद ली जाए।

ii. मुझे शांति से काम करने दो।

iii. जब जाड़ा आता है।

iv. वे एक काली कमली ऊपर से ओढ़ते थे।

v. बूढ़ा आदमी धीरे-धीरे चलता है।

6. निम्नलिखित काव्यांशों के अलंकार भेद पहचान कर लिखिए- (किन्हीं चार) **[4]**

i. मैं तो चंद्र खिलौना लैंहों।

ii. सहसबाहु सम रिपु मोरा।

iii. बहुत काली सिल
जरा-से लाल केसर-से कि जैसे धुल गई हो

iv. बीती विभावरी जाग री अम्बर पनघट में डुबो रही तारा घट उषा नागरी।

v. सिर फट गया उसका वहीं
मानो अरुण रंग का घड़ा।

SATISH SCIENCE ACADEMY

## खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

पानवाले के लिए यह एक मजेदार बात थी लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली। यानी वह ठीक ही सोच रहे थे। मूर्ति के नीचे लिखा 'मूर्तिकार मास्टर मोतीलाल' वाकई कस्बे का अध्यापक था। बेचारे ने महीने-भर में मूर्ति बनाकर पटक देने का वादा कर दिया होगा। बना भी ली होगी लेकिन पत्थर में पारदर्शी चश्मा कैसे बनाया जाए - काँचवाला - यह तय नहीं कर पाया होगा। या कोशिश की होगी और असफल रहा होगा। या बनाते-बनाते 'कुछ और बारीकी' के चक्कर में चश्मा टूट गया होगा। या पत्थर का चश्मा अलग से बनाकर फिट किया होगा और वह निकल गया होगा। उफ़.....!

i. पानवाले के लिए क्या बात मज़ेदार थी?

क) मूर्ति | ख) काँच का चश्मा
ग) मूर्ति पर चश्मा न होना | घ) पत्थर का चश्मा

ii. हालदार साहब की दृष्टि में कस्बे का अध्यापक 'बेचारा' क्यों था?

क) क्योंकि उसने पत्थर का चश्मा बनाया | ख) क्योंकि चश्मा टूट गया था
ग) क्योंकि वह मूर्ति पर चश्मा नहीं लगा पाया था | घ) क्योंकि उसने मूर्ति अच्छी नहीं बनाई थी

iii. हालदार साहब ने नेताजी की प्रतिमा पर चश्मा न होने क्या कारण नहीं बताया?

क) मूर्ति का अच्छा नहीं होना | ख) काँच का चश्मा
ग) बारीकी के चक्कर में चश्मा टूट जाना | घ) पत्थर का चश्मा बनाना

iv. मूर्ति किसने बनाई थी?

i. हालदार साहब ने
ii. अध्यापक ने
iii. बच्चे ने
iv. पानवाले ने

क) विकल्प (ii) | ख) विकल्प (iv)
ग) विकल्प (iii) | घ) विकल्प (i)

v. हालदार साहब के लिए चश्मे वाली बात कैसी थी?

क) मजेदार | ख) हंसने वाली
ग) चकित और द्रवित | घ) दुखी करने वाली

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. गंगा-स्नान के लिए आने-जाने के दौरान चार-पाँच दिनों तक बालगोबिन भगत उपवास क्यों रखते थे? **[2]**

ii. काशी में किस प्रकार के परिवर्तन हो रहे थे और उन परिवर्तनों पर बिस्मिल्ला खाँ क्या सोचते थे? **[2]**

iii. किन कारणों से नवाब साहब ने खीरे नहीं खाए? **लखनवी अंदाज़** पाठ के आधार पर लिखिए। **[2]**

iv. सुसंस्कृत व्यक्ति किसे कहा जा सकता है? **संस्कृति** पाठ के आधार पर लिखिए। **[2]**

## खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी॥
पुनि-पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फूँकि पहारू॥
इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं।
देखि कुठारु सरासन बाना। मइ कहा सहित अभिमाना॥
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कुछ कहहु सहों रिस रोकी॥

SATISH SCIENCE ACADEMY

सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई॥
बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहू पा परिअ तुम्हारें।
कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा॥

i. **कुम्हड़बतिया** का उदाहरण क्यों दिया गया है?

क) काशीफल को फल के समान कमजोर समझ रहे हैं।
ख) कुम्हड़े या काशीफल का फल सहजता से नहीं टूट जाता है।
ग) इनमें से कोई नहीं।
घ) काशीफल बहुत ही कमजोर होता है।

ii. लक्ष्मण ने पशुराम की किस चेष्टा पर क्यों व्यंग्य किया?

क) उन्हें बार-बार नरक का भोगी बनने का भय दिखाकर डराने की
ख) उन्हें बार-बार धनुष बाण दिखाकर डराने की
ग) उन्हें बार-बार तलवार दिखाकर डराने की
घ) उन्हें बार-बार फरसा दिखाकर डराने की

iii. ब्राह्मण से युद्ध करना लक्ष्मण क्यों उचित नहीं मानते?

क) ब्राह्मणों से पराजित होने पर अपयश मिलता है तथा परिवार की परम्परा भी नहीं है
ख) ब्राह्मणों का वध करने से पुण्य मिलता है
ग) इनमें से कोई नहीं
घ) ब्राह्मणों से युद्ध करना घाटे का सौदा नहीं है

iv. परशुराम को मारने पर अपयश और पाप की संभावना लक्ष्मण को क्यों थी?

क) कुल में ब्राह्मण को अवध्य माना जाता था
ख) हारने पर अपयश के भागी नहीं होते थे
ग) इनमें से कोई नहीं
घ) ब्राह्मण को मारने पर पाप नहीं लगता था

v. क्षत्रिय कुल में किन-किन पर वीरता नहीं दिखाई जाती?

क) ब्राह्मण, भक्त, बैल और देवाताओं पर
ख) गाय, भक्त, ब्राह्मण और देवताओं पर
ग) भैंस, गाय, भक्त और ब्राह्मण पर
घ) बैल, गाय, ब्राह्मण और देवाताओं पर

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. **उत्साह** और **अट नहीं रही है** इन कविताओं के आधार पर निराला के काव्य-शिल्प की विशेषताएँ लिखिए। **[2]**

ii. फसल नदियों के पानी का जादू, हाथों के स्पर्श की गरिमा और महिमा तथा मिट्टी का गुण धर्म किस प्रकार है? स्पष्ट कीजिए। **[2]**

iii. सफलता के चरम शिखर पर पहुँचने के दौरान यदि व्यक्ति लड़खड़ाते हैं तब उसे सहयोगी किस तरह सँभालते हैं? संगतकार के आधार पर लिखिए। **[2]**

iv. **आत्मकथ्य** काव्य में आत्मकथा सुनाने के लिए कवि वर्तमान समय को उपयुक्त क्यों नहीं समझता है? **[2]**

## खंड ग - कृतिका (पूरक पाठ्यपुस्तक)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** **[8]**

i. **माता का अँचल** पाठ में वर्णित खेल-खिलौनों की दुनिया वर्तमान खिलौनों की दुनिया से बेहतर थी, क्यों? कारण सहित उत्तर दीजिए। **[4]**

ii. हिरोशिमा पर लिखी कविता लेखक के अंतः व बाह्य दोनों दबाव का परिणाम है यह आप कैसे कह सकते हैं? **[4]**

iii. **साना-साना हाथ जोड़ि...** पाठ में लेखिका की मुलाकात फ़ौजी से कहाँ पर हुई? देश की सुरक्षा के लिए सैनिक किन कठिनाइयों से जूझते हैं? उनके प्रति एक आम नागरिक का क्या कर्तव्य होना चाहिए? **[4]**

## खंड घ - रचनात्मक लेखन

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** **[6]**

i. **परीक्षा के कठिन दिन** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

ii. **विज्ञान के आधुनिक चमत्कार** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

- मानव जीवन और विज्ञान
- आधुनिक आविष्कार
- लाभ-हानि

iii. **समाचार-पत्रों का कोई विकल्प नहीं** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

- जानकारी का सस्ता और सुलभ साधन
- समाचार-पत्रों के प्रकार
- समाचार-पत्रों के लाभ

13. आपकी बस्ती के पार्क में कई अनधिकृत खोमचे वालों ने डेरा डाल दिया है, उन्हें हटाने के लिए नगर-निगम अधिकारी को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

बनावट-शृंगार में समय व्यतीत न करने की हिदायत देते हुए छोटी बहन को पत्र लिखिए।

14. साथी नामक स्वयंसेवी संस्था जो आलमबाग, लखनऊ, उ० प्र० में स्थित है को कुछ स्वयंसेवियों की जरूरत है, जिन्हें निकटवर्ती बस्तियों एवं गाँवों में लोगों के बीच एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस संस्था के प्रबंधक को एक स्ववृत सहित आवेदन-पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

आप दिनेश/सृष्टि हैं। आपके मुहल्ले में पानी की आपूर्ति बाधित है, अतः जल उपलब्ध कराने के लिए जल आपूर्ति-विभाग के अध्यक्ष को लगभग 80 शब्दों में शिकायती ई-मेल लिखिए।

15. आपके पिता शृंगार वस्तुओं के विक्रेता हैं। कोरोना महामारी के कारण उनके कारोबार में मंदी आ गई। उनकी दुकान में बिक्री बढ़ाने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **[4]**

अथवा

आप गिरीश सिंह हैं। किसी शर्मा जी का फोन आया है। वह आप के माता जी से बात करना चाहते हैं। लेकिन आपकी माता जी घर पर नहीं हैं। इस विषय को ध्यान में रखते हुए 30-40 शब्दों में संदेश लिखिए।

SATISH SCIENCE ACADEMY